स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 23.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम भिलाई में सेवारत् 07 कर्मचारियों के मृत्यु पश्चात् उनके आश्रितों को आयुक्त के0एल0 चौहान ने अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश बांटे। निगम सभागार में आयोजित बैठक के दौरान श्रीमती निर्मला वर्मा, ए0 प्रेमकुमार, नंदकुमार नारंग, मनीष कुमार, मुकेश कुमार चन्द्राकर, देवेश कुमार, खिलेश दास को भृत्य के पद पर नियमित स्थापना में नियुक्ति के आदेश सौंपे गये। आयुक्त ने कहा कि निगम में नियुक्ति जैसे कार्य को पारदर्शी बनाने के लिए अधिकारी, कर्मचारियों के समक्ष आदेश का वितरण किया जा रहा है। मृत 09 कर्मचारियों के आश्रितों का अनुकम्पा नियुक्ति किया जाना था जिसमें से 07 के आदेश प्रदान किया जा रहा है एवं 02 आश्रित की नियुक्ति के लिए राज्य शासन से मार्गदर्शन हेतु पत्र भेजा गया है। राज्य सरकार से दिशा निर्देश प्राप्त होते ही शेष 02 की नियुक्ति भी कर दी जायेगी। आयुक्त श्री चौहान ने भृत्य कर्मचारियों के आश्रित सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हे ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक कार्य करने हेतु शुभकामनाएं प्रेषित किये। कर्मचारियों के आश्रित सदस्यों ने आदेश प्राप्त कर आयुक्त एवं निगम प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

जनसम्पर्क अधिकारी